**दिनांक–09.04.2026 को विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा एवं जहानाबाद का लंबित शिकायतों के संबंध में आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही:–**

---

**1. लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा:–**

- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा अंतर्गत प्रखंड–कौवांकोल, पंचायत–पाली के वार्ड नं0–04 में योजना बंद है। संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि रोड के निर्माण में RWD द्वारा 1500 मीटर पाईपलाईन क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। नवनियुक्त सहायक अभियंता (मु0) से पृच्छा करने पर बताया गया कि उस क्षेत्र में 15 घरों को नया कनेक्शन देने एवं 140 घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है जिसके लिए 1500 मीटर पाईपलाईन बिछाने की आवश्यकता है। उक्त के संबंध में संबंधित कार्यपालक को निदेश दिया गया कि विभागीय संकल्प के आलोक में कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा आश्वासन दिया गया कि 15 दिनों में सभी घरों में जलापूर्ति बहाल कर दिया जाएगा। नवनियुक्त सहायक अभियंता (मु0) को निदेश दिया गया कि 15 दिनों के उपरांत कृत कार्य की जांच करना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता / नवनियुक्त सहायक अभियंता (मु0)।**

- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा अंतर्गत प्रखंड–नवादा, पंचायत–कादिरगंज के वार्ड नं0–01 में गृह संयोजित 05 घरों में जलापूर्ति नहीं की जा रही है। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि कम Water Pressure के कारण Tail End तक जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा आश्वासन दिया गया कि गृह संयोजित 05 घरों में जलापूर्ति 04 दिन के भीतर बहाल कर दिया जाएगा। साथ ही नवनियुक्त सहायक अभियंता को निदेशित किया गया कि पांचवें दिन जाकर योजना को देखेंगे कि कार्य को पूर्ण किया गया या नहीं।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता / नवनियुक्त सहायक अभियंता (मु0)।**

- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा अंतर्गत प्रखंड–नरहट पंचायत–जमुआरा के वार्ड नं0–13A एवं 13B में पंप ऑपरेटर के मानदेय भुगतान लंबित रहने के कारण पंप ऑपरेटर द्वारा जलापूर्ति नहीं की जा रही है। संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि जिला पदाधिकारी के संज्ञान में लाते हुए समस्या का निदान करना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा अंतर्गत प्रखंड–वारसलिगंज, पंचायत–मंजौर के वार्ड नं0–10 में 50 घरों में आच्छादन क्षेत्र में छूटे हुए गृह संयोजन एवं आच्छादन में गृह संयोजित 30 घरों में जलापूर्ति नहीं की जा रही है। संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि यहाँ बोरिंग का डिस्चार्ज कम रहने के कारण जलापूर्ति नहीं हो पा रही है, इसके लिए नया बोरिंग कराने की आवश्यकता है। संबंधित कार्यपालक अभियंता को योजना को सुचारू रूप से क्रियाशील करने के लिए 1 महीने का समय दिया गया एवं नवनियुक्त सहायक अभियंता (मु0) एक महीने के उपरांत (10.05.2026) जांच कर अपना रिपोर्ट समर्पित करेंगे। साथ ही क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना को निदेशित किया गया

कि प्रमंडल नवादा अंतर्गत प्रखंड–वारसलीगंज, पंचायत–मंजौर के वार्ड नं0–10 की शिकायत का अपने स्तर से अनुश्रवण करेंगे।

**अनुपालनः– क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना / संबंधित कार्यपालक अभियंता / नवनियुक्त सहायक अभियंता (मु0)।**

- ❖ समीक्षा के क्रम में पाया गया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा अंतर्गत प्रखंड–नवादा पंचायत–झुनाठी के वार्ड नं0–05A में आच्छादन क्षेत्र में गृह संयोजित 108 घरों में जलापूर्ति नहीं की जा रही है। संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि बोरिंग में मोटर गिर गया है, जिसके लिए वहां नए बोरिंग की आवश्यकता है। संबंधित कार्यपालक अभियंता को योजना को सुचारू रूप से क्रियाशील करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया। नवनियुक्त सहायक अभियंता (मु0) 8वें दिन योजना की जाँच कर अद्यतन स्थिति मुख्यालय को प्रतिवेदित करेंगे।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता / नवनियुक्त सहायक अभियंता (मु0)।**

- ❖ समीक्षा के क्रम में पाया गया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा अंतर्गत प्रखंड–नवादा, पंचायत–झुनाठी के वार्ड नं0–12 में 02 घरों में आच्छादन क्षेत्र में छूटे हुए गृह संयोजन एवं आच्छादन क्षेत्र में गृह संयोजित 05 घरों में जलापूर्ति नहीं दी जा रही है। संबंधित अवर प्रमंडल के सहायक अभियंता द्वारा बताया गया कि यह PRD की योजना है, जिनके संवेदक द्वारा कार्य को नहीं किए जाने के कारण डिबार करने की अनुशंसा संबंधित कार्यपालक अभियंता को किया गया है। संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि संवेदक द्वारा संविदात्मक दायित्व का निर्वहन नहीं करने के कारण एकरारनामा में निहित प्रावधान के तहत अग्रेत्तर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना को निदेशित किया गया कि प्रमंडल नवादा अंतर्गत प्रखंड–नवादा, पंचायत–झुनाठी के वार्ड नं0–12 की शिकायत का अपने स्तर से अनुश्रवण करना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना / संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- ❖ समीक्षा के क्रम में पाया गया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा अंतर्गत 30 दिनों से अधिक का 44 शिकायतें लंबित है, जबकि नवनियुक्त सहायक अभियंता (मु0) द्वारा 12 योजना की जांच की गई है। उक्त के संबंध में नवनियुक्त सहायक अभियंता (मु0) को प्रशाखा–05/11 से स्पष्टीकरण करने का निदेश दिया गया। साथ ही 3 दिनों में 30 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों की जांच सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालनः– अभियंता प्रमुख सह–विशेष सचिव के प्रावैद्यिक सचिव (मु0) / नवनियुक्त सहायक अभियंता (मु0)।**

## 2. लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, जहानाबादः–

- ❖ समीक्षा के क्रम में पाया गया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, जहानाबाद अंतर्गत पंचायत–बढ़ौना के वार्ड नं0–02 में 2 शिकायत लंबित है। संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि बढ़ौना पंचायत में लगभग 40 घर ऐसे है, जहाँ लाभार्थियों को पानी नहीं मिल रहा है। उक्त के संबंध में नवनियुक्त सहायक अभियंता (मु0) द्वारा इन योजनाओं का ऑनलाईन के माध्यम से रिपोर्ट नहीं किया गया जिसके लिए उन्हें प्रशाखा–05/11 के माध्यम से स्पष्टीकरण करने का निदेश दिया गया। संबंधित कार्यपालक अभियंता से पृच्छा करने पर बताया गया कि बढ़ौना पंचायत के वार्ड नं0–02 में दो गॉव हैं–गवनबीघा और बतसेरी। गवनबीघा में

पंचायती राज विभाग की योजना है जो कि चालू है, जबकि बतसेरी गॉव में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि बतसेरी गॉव में जलापूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही मुख्य अभियंता, पटना को निदेश दिया गया कि बढ़ौना पंचायत की योजनाओं की जांच करेंगे।

**अनुपालनः– अभियंता प्रमुख सह–विशेष सचिव (मु0) के प्रावैद्यिक सचिव /क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना / संबंधित कार्यपालक अभियंता नवनियुक्त सहायक अभियंता (मु0)।**

**3. अन्यान्यः–**

- कार्यपालक अभियंता, नवादा एवं जहानाबाद का निदेशित किया गया कि सभी छुटे हुए टोलों जहाँ जलापूर्ति बाधित हो रही है, की सूची तैयार कर, 4 दिनों के भीतर मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- सभी नवनियुक्त सहायक अभियंता (मु0) को निदेश दिया गया कि योजना के जाँच के क्रम में Remarks में अंकित करेंगे कि संबंधित योजना कितनी राशि की है, योजना से संबंधित संवेदक का नाम, किस तिथि को O&M भुगतान किया गया है एवं किस तिथि से O&M भुगतान नहीं हुआ है। संवेदक द्वारा योजना में विद्युत विपत्र के बकाये राशि में कितना भुगतान किया गया है एवं कितना विद्युत विपत्र का बकाया राशि का भुगतान करना शेष है। कितने घरों में जलापूर्ति नहीं की जा रही है। साथ ही भू–जलस्तर की जाँच करेंगे तथा कितने मीटर पाईपलाईन क्षतिग्रस्त है एवं कितने जगह नया पाईपलाईन बिछाने की आवश्यकता है। जांचोपरांत एक विस्तृत प्रतिवेदन अधीक्षण अभियंता के माध्यम से मुख्यालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**अनुपालनः– संबंधित सभी नवनियुक्त सहायक अभियंता (मु0)।**

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

28.04.26

(संजीव कुमार)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 14/व6क–101/24–347 दिनांक– 05/5/26

प्रतिलिपिः– क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रक्षेत्र, पटना / अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, गया जी / कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा एवं जहानाबाद / संबंधित सहायक यांत्रिक अभियंता–सह नोडल पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक अवर प्रमंडल / संबंधित कनीय अभियंता (यांत्रिक सहित) बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/वि0टि0क–101/24–347 दिनांक– 05/5/26

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0 / का0प्र0) / अपर सचिव / सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार / दक्षिण बिहार / यांत्रिक / अनुश्रवण) / अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव के प्रावैधिक सचिव / विशेष कार्य पदाधिकारी / सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी / बजट पदाधिकारी / आइटी मैनेजर / संबंधित सहायक अभियंता / संबंधित नामित नवनियुक्त सहायक अभियंता (मु0) / सभी प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/वि0टि0क–101/24–347 दिनांक– 05/5/26

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव / विशेष सचिव के प्रधान आप्त सचिव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)